# हिमाचल 2020 तक होगा कार्बन न्यूट्रल राज्य: धूमल

**वीर अर्जुन संवाददाता**

शिमला। 'कार्बन स्मार्ट ग्रोथ' को कार्यान्वित करने से हिमाचल प्रदेश वर्ष 2020 तक कार्बन न्यूट्रल राज्य बन जाएगा। यह जानकारी मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने आज नई दिल्ली स्थित ताज पैलेस में द एनर्जी एण्ड रिसोर्स इन्स्टीटयूट द्वारा दिल्ली सतत् विकास मे 'प्रोटैक्टिंग द ग्लोबल कॉमन्स: 20 ईयर्स पोस्ट रियो' आयोजित 12वें सम्मेलन मे दी।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 तक कार्बन न्यूट्रल बनने वाला हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य होगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कार्बन फुटप्रिंट प्रति व्यक्ति 1.4 टन आंका गया है, जबकि राष्ट्र स्तर पर यह औसत 1.57 टन प्रति व्यक्ति है। प्रदेश सरकार ने कार्बन क्रेडिट के दोहन के लिए विश्व बैंक के साथ एक 'ईआरपीए' समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया है ताकि 'बायो कार्बन प्रोजेक्ट' के अंतर्गत 20 वर्षों के लिए राज्य के 10 जिलों की 177 ग्राम पंचायतों में 4000 हैक्टेयर भूमि पर 20 करोड़ रुपये का कार्बन राजस्व प्राप्त किया जा सके। उन्होंने हिमालयीय क्षेत्र की बहुमूल्य वन संपदा के रखरखाव, संरक्षण एवं विस्तार के लिए बाजार आधारित 'पेमेंट फॉर इको-सिस्टम सर्विस' की वकालत की। उन्होंने पुरानी तकनीकों को बदलने, विकास में नवीनतम तकनीकों के लिए शोध गतिविधियों के लिए विकसित राष्ट्रों से उदार आर्थिक सहायता एवं सहयोग का आग्रह किया।

दिल्ली सतत् विकास में 'प्रोटैक्टिंग द ग्लोबल कॉमन्स: 20 ईयर्स पोस्ट रियो' आयोजित 12वें सम्मेलन को संबोधित करते हुए हिमाचल के मुख्यमंत्री प्रो प्रेम कुमार धूमल।